हेल्लो हाय छोड़िए जय माता दी बोलिए

हेल्लो हाय छोड़िए जय माता दी बोलिए।
टाटा बाय छोड़िए जय माता दी बोलिए॥

मैया का दर सब से सुन्दर सबसे प्यारा धाम है,
जगदम्बे माता का जग में सबसे ऊँचा नाम है।
इस से नाता जोडीये, जय माता दी बोलिए॥

एक बार जो सच्चे मन से माँ का नाम धयाए गा,
भोली भाली मैया से वो मन चाहा फल पायेगा।
झूठे बंधन तोडिये, जय माता दी बोलिए॥

मैया जी के नाम की महिमा जिस जिस ने भी गई है,
मैया जी के दिल में उसने अपनी जगह बनायी है।
दिल ना मेरा तोडिये, जय माता दी बोलिए॥

Good morning Good night सब छोड़ो बोलो जय माता दी,
जितने भी हैं माँ के प्यारे भक्तो बोलो जय माता दी।
'चंचल' जिद को छोड़िए, जय माता दी बोलिए॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/413/title/hello-hai-chodiye-jai-maata-di-boliye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |